StudyRaw.Com

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2025 (ANNUAL)

**HINDI (MT)**

**(मातृभाषा हिन्दी)**

Sub. Code - 101

**Time : 03 Hrs. 15 Minutes** **Full Marks : 100**

**समय : 03 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक : 100**

**Total Questions :- 100 +6 =106**

**कुल प्रश्न :– 100 + 6 = 106**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर–पत्रक पर अपना प्रश्न–पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है– खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देन पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराए गए OMR उत्तर–पत्रक में दिए गए सही विकल्प को काले/नीले बॉल पन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ ब्लेड/ नाखून आदि का OMR उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
7. खण्ड–ब में 06 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।
8. किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक में चिह्नित करें। 50 X 1 = 50

1. 'ष' वर्ण का उच्चारण–स्थान है –

(A) कंठ (B) तालु

(C) मूर्द्धा (D) ओष्ठ

2. निम्नलिखित में कौन ह्रस्व स्वर है ?

(A) अ (B) आ

(C) ई (D) ऐ

3. निम्नलिखित में कौन योजक चिह्न है ?

(A) , (B) ।

(C) ! (D) –

4. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द है –

(A) तालिम (B) विलीन

(C) बहूमूखी (D) समर्पीत

5. जिन व्यंजनों के उच्चारण में श्वास पूर्व से अल्प मात्रा में निकले और जिनमें 'हकार'– जैसी ध्वनि नहीं होती, उन्हें क्या कहते हैं ?

(A) अल्पप्राण (B) महाप्राण

(C) घोष (D) अघोष

StudyRaw.Com

6. जब एक ही ध्वनि का द्वित्व हो जाए, तब वह क्या कहलाती है ?

(A) संपृक्त ध्वनियाँ (B) युग्मक ध्वनियाँ

(C) संयुक्त ध्वनियाँ (D) संधि

7. 'महोत्सव' शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) महो + उत्सव (B) मह + उत्सव

(C) महु + उत्सव (D) महा + उत्सव

8. 'यशः + दा' की संधि है –

(A) यशदा (B) यशअदा

(C) यशुदा (D) यशोदा

9. 'पवन' शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) प + वन (B) पो + अन

(C) पे + अन (D) पौ + अन

10. जहाँ वाक्य की गति अंतिम रूप ले ले, विचार के तार एकदम टूट जाएँ, वहाँ किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है ?

(A) अल्पविराम (B) प्रश्नवाचक चिह्न

(C) पूर्णविराम (D) उद्धरण चिह्न

11. 'कीर्तन' शब्द किस लिंग का उदाहरण है ?

(A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं



StudyRaw.Com

12. 'एकता' शब्द किस लिंग का उदाहरण है ?

(A) पुलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

13. 'कुँजड़ा' शब्द का स्त्रीलिंग है –

(A) कुँजड़ी (B) कुँजड़ीयाँ

(C) कुँजेड़ाइन (D) कुँजड़िन

14. निम्नलिखित में कौन शुद्ध वाक्य है ?

(A) बंदूक एक बहुत ही उपयोगी शस्त्र है।

(B) वह गीत की दो–चार लड़ियाँ गाती है।

(C) पुलाव बहुत लजीज है।

(D) हमारे शिक्षक प्रश्न पूछते हैं।

15. 'परिणाम' शब्द में कौन उपसर्ग है ?

(A) परि (B) पर

(C) प्र (D) प्रति

16. 'गायक' शब्द में कौन प्रत्यय है ?

(A) गै (B) यक

(C) क (D) अक

17. रचना अथवा बनावट के विचार से शब्द के कितने प्रकार हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच



StudyRaw.Com

18. निम्नलिखित में यौगिक शब्द है –

(A) पीला (B) नमक

(C) दूधवाला (D) कान

19. निम्नलिखित में कौन तद्भव शब्द है ?

(A) क्षीर (B) आग

(C) जूता (D) हैजा

20. निम्नलिखित में कौन तत्सम शब्द है ?

(A) खर्पर (B) मोर

(C) चिड़िया (D) कीमत

21. 'राम ने पुस्तक पढ़ी है।'– किस काल का उदाहरण है ?

(A) पूर्ण भूतकाल (B) पूर्ण वर्तमानकाल

(C) हेतुहेतुमद् भविष्यतकाल (D) संदिग्ध भूतकाल

22. हिन्दी में सर्वनाम के कितने भेद हैं ?

(A) तीन (B) पाँच

(C) छह (D) सात

23. 'मोहन ने कुछ नहीं खाया।' – किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) पुरुषवाचक सर्वनाम (B) प्रश्नवाचक सर्वनाम

(C) निजवाचक सर्वनाम (D) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

24. 'कलम तोड़ना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) बाधा दूर होना (B) बढ़िया लिखना

(C) प्रतिकूल कार्य (D) कटु सत्य कहना



StudyRaw.Com

25. 'आख के अंधे गाँठ के पूरे' लोकोक्ति का अर्थ है –

(A) मर्खों में कुछ पढ़ा–लिखा व्यक्ति
(B) अपनी बुराई नहीं दीखती
(C) दोहरा लाभ होना
(D) मूर्ख धनवान

26. निम्नलिखित में कौन अशुद्ध शब्द है ?

(A) व्यवस्था
(B) संस्मरण
(C) चिड़ीया
(D) मंगलध्वनि

27. 'बिजली' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

(A) दामिनी
(B) सफरी
(C) वनिता
(D) यामिनी

28. 'पयोधर' किसका पर्यायवाची है ?

(A) सूर्य का
(B) पर्वत का
(C) जल का
(D) बादल का

29. 'कुटिल' शब्द का विलोम शब्द है –

(A) कोमल
(B) सरल
(C) सबल
(D) जटिल

30. संज्ञा अथवा विशेषण के साथ क्रिया जोड़ने से जो संयुक्त क्रिया बनती है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) पूर्वकालिक क्रिया
(B) नामबोधक क्रिया
(C) सहायक क्रिया
(D) क्रियार्थक संज्ञा

31. 'रामचरितमानस' कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(B) जातिवाचक संज्ञा
(C) भाववाचक संज्ञा
(D) द्रव्यवाचक संज्ञा

32. 'कश्मीरी सेब सिंदूरी लाल होता है'– इस वाक्य में प्रविशेषण है–

(A) कश्मीरी
(B) सेब
(C) सिंदूरी
(D) लाल

33. निम्नलिखित में कौन परिमाणबोधक विशेषण का उदाहरण है ?

(A) सफेद
(B) वह लड़का
(C) बड़ा–सा
(D) चार गज

34. जिस समास म विशेष्य–विशेषण अथवा उपमेय–उपमान का संबंध हो, उसे क्या कहते हैं?

(A) अव्ययीभाव समास
(B) कर्मधारय समास
(C) बहुव्रीहि समास
(D) द्वंद्व समास

35. 'सीताराम' शब्द में कौन समास है ?

(A) द्वंद्व समास
(B) द्विगु समास
(C) नञ् समास
(D) बहुव्रीहि समास

36. 'पंचवटी' शब्द में कौन समास है ?

(A) द्विगु समास
(B) नञ् समास
(C) द्वंद्व समास
(D) बहुव्रीहि समास

37. क्रिया की विशेषता प्रकट करनेवाले शब्द को क्या कहते हैं ?

(A) विशेषण
(B) प्रविशेषण
(C) विशेष्य
(D) क्रियाविशेषण



StudyRaw.Com

38. निम्नलिखित में आज्ञावाचक वाक्य का उदाहरण है –

(A) तुम क्या खाओगे ?
(B) तुम सदा सत्य बोलो।
(C) प्रभा इस हिसाब को नहीं बनाएगी।
(D) तुमने इस पत्र को पढ़ा होगा।

39. रचना की दृष्टि से वाक्य के कितने प्रकार हैं ?

(A) तीन
(B) पाच
(C) आठ
(D) दस

40. निम्नलिखित में कौन मिश्रवाक्य है ?

(A) सिपाही को देखकर चोर भाग गया।
(B) मैं बिछावन पर गया और सो गया।
(C) यदि तुम आओगे तो मैं जाऊँगा।
(D) उज्ज्वल पढ़ने के कारण प्रथम होता है।

41. 'रात और संध्या के बीच की वेला' – इस वाक्यखंड के लिए एक शब्द है –

(A) अहर्निश
(B) गोधूलि
(C) असूर्यपश्या
(D) द्विपद

42. 'चिंता में रात भर जगना' – किस मुहावरे का अर्थ है ?

(A) घोड़ा बेच कर सोना
(B) तीन तेरह करना
(C) उल्टी गंगा बहाना
(D) तारे गिनना

43. 'शेर के समान बलवान' – किस पदबंध का उदाहरण है ?

(A) संज्ञा पदबंध
(B) विशेषण पदबंध
(C) क्रिया पदबंध
(D) सर्वनाम पदबंध



StudyRaw.Com

44. निम्नलिखित में किसके साथ कर्त्ता के 'ने' चिह्न का प्रयोग नहीं होता है ?

(A) नहाना
(B) खाँसना
(C) छींकना
(D) भूलना

45. एक या अनेक का बोध करानेवाले शब्द को क्या कहते हैं ?

(A) वचन
(B) लिंग
(C) संज्ञा
(D) कारक

46. 'माँ ने बच्चे को खिलौने खरीदे।' – यह वाक्य किस कारक का उदाहरण है ?

(A) संप्रदानकारक
(B) संबंधकारक
(C) संबोधनकारक
(D) करणकारक

47. भीमराव अंबेदकर के अनुसार पेशा परिवर्तन की अनुमति न देकर जाति प्रथा भारत में किसका एक प्रमुख व प्रत्यक्ष कारण बनी हुई है ?

(A) बेरोजगारी का
(B) अशिक्षा का
(C) स्त्री उत्पीड़न का
(D) दहेज प्रथा का

48. निम्नलिखित में सेन साहब की एक बेटी का नाम है –

(A) कुसुम
(B) लक्ष्मी
(C) शेफाली
(D) नेहा

49. मैक्समूलर रचित 'भारत से हम क्या सीखें' शीर्षक पाठ साहित्य की कौन–सी विधा है ?

(A) कहानी
(B) रेखाचित्र
(C) शिक्षाशास्त्र
(D) भाषण



StudyRaw.Com

50. ‘बाणभट्ट की आत्मकथा’ उपन्यास के लेखक हैं –

(A) अमरकांत
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) विनोद कुमार शुक्ल
(D) सच्चिदानंद हीरानंद वात्सयायन ‘अज्ञेय’

51. हिन्दी तथा इसकी विविध बोलियाँ किस लिपि में लिखी जाती हैं ?

(A) देवनागरी
(B) बंगला
(C) कलिंग
(D) कुफी

52. ‘‘चल, चुपचाप बना अपनी रोटियाँ। तू सोचता है कि मैं तुझे पतली–पतली, नरम–नरम रोटियाँ सेंककर खिलाऊँगी ?’’– यह कथन ‘बहादुर’ शीर्षक कहानी के किस पात्र का है ?

(A) बहादुर की माँ का
(B) लेखक की पत्नी निर्मला का
(C) लेखक के रिश्तेदार की पत्नी का
(D) लेखक की लड़की का

53. गुरु नानक हिन्दी की किस भक्तिधारा के एक प्रमुख कवि हैं ?

(A) सूफी भक्तिधारा
(B) निर्गुण संत भक्तिधारा
(C) सगुण कृष्ण भक्तिधारा
(D) सगुण राम भक्तिधारा

54. कृष्ण भक्त कवि रखखान किस छंद में सिद्ध थे ?

(A) चौपाई
(B) आल्हा
(C) रोला
(D) सवैया

55. कवि घनानंद किस मार्ग को ‘अति सूधो’ कहते हैं ?

(A) राजमार्ग को
(B) ज्ञानमार्ग को
(C) संन्यास मार्ग को
(D) प्रेममार्ग को



StudyRaw.Com

56. कवि ‘प्रेमघन’ का पूरा नाम है –

(A) रामनारायण चौधरी ‘प्रेमघन’ (B) सत्यनारायण चौधरी ‘प्रेमघन’

(C) बदरीनारायण चौधरी ‘प्रेमघन’ (D) राजनारायण चौधरी ‘प्रेमघन’

57. पाठ्यपुस्तक में ‘भारतमाता’ शीर्षक कविता किस काव्य संग्रह से संकलित है ?

(A) ग्रंथि (B) ग्राम्या

(C) गुंजन (D) पल्लव

58. कवि रामधारी सिंह दिनकर की दृष्टि में आज के देवता कहाँ मिलेंगे ?

(A) खेत–खलिहानों में (B) तहखानों में

(C) राजप्रासादों में (D) मन्दिरों में

59. बी० आर० नारायण ने किस कहानी का अनुवाद किया है ?

(A) नगर (B) माँ

(C) दही वाली मंगम्मा (D) ढहते विश्वास

60. ‘‘मंगु को झूठा लाड़–लड़ाकर ही तुमने अधिक पागल बना दिया है। आदत डाली हो, तो जानवरों को भी पाखाना–पेशाब कहाँ करना और कहाँ न करना, इसका ख्याल आ जाता है;’’ – यह कथन ‘माँ’ शीर्षक कहानी के किस पात्र का है ?

(A) माँ जी की बहू का (B) माँ जी की बड़ी पुत्री का

(C) माँ जी के पुत्र का (D) अस्पताल के मेट्रन का

61. टीले की ओर निकलते–निकलते लक्ष्मी किसके इंतजार में कुछ पिछड़ गयी ?

(A) अच्युत के (B) सरपंच के

(C) गुणनिधि के (D) लक्ष्मण के

62. वल्लि अम्माल के गाँव का क्या नाम था ?

(A) इसानाथन
(B) परमकुडी
(C) अरन्थांगी
(D) मूनांडिप्पट्टि

63. 'धरती कब तक घूमेगी' शीर्षक कहानी में कैलास की पत्नी का नाम है –

(A) सीता
(B) पुष्पा
(C) राधा
(D) भँवरी

64. ''मानव का रचा हुआ सूरज मानव को भाप बन कर सोख गया।'' यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से ली गई है ?

(A) लौटकर आऊँगा फिर
(B) हिरोशिमा
(C) स्वदेशी
(D) जनतंत्र का जन्म

65. 'आत्मजयी' प्रबंधकाव्य के रचनाकार हैं–

(A) कुँवर नारायण
(B) रामधारी सिंह दिनकर
(C) जीवनानंद दास
(D) सुमित्रानंदन पंत

66. कवि रेनर मारिया रिल्के के अनुसार भगवान की कृपादृष्टि कहाँ विश्राम करती थी ?

(A) प्रभु के चरणों में
(B) चट्टानों की ठंडी गोद में
(C) प्रभु के शानदार लबादा में
(D) कवि के कपोलों की नर्म शय्या पर

67. कवि रेनर मारिया रिल्के के अनुसार किसके बिना भगवान भी एकाकी और निरुपाय हैं ?

(A) धन के बिना
(B) भवन के बिना
(C) भक्त के बिना
(D) अलंकार के बिना

68. समकालीन हिन्दी कविता की कवयित्री अनामिका का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) मुजफ्फरपुर, बिहार में (B) मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश में

(C) बेगूसराय, बिहार में (D) कुशीनगर, उत्तर प्रदेश में

69. कवयित्री अनामिका के अनुसार सृष्टि की विकास–कथा के प्रथमाक्षर क्या हैं ?

(A) सफलता पर उमड़ा उत्साह (B) विफलता के कारण उत्पन्न क्रोध

(C) पहली विफलता पर छलके आँसू (D) विफलता के बाद की बेचैनी

70. 'हमारी नींद' शीर्षक कविता में धमाके से देवी जागरण कहाँ हुआ ?

(A) देवी मन्दिरों में (B) राजमहलों में

(C) खेल के मैदानों में (D) गरीब बस्तियों में

71. कुलसुम की देशी घी वाली कचौड़ी को उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ कहते हैं –

(A) मीठी कचौड़ी (B) नमकीन कचौड़ी

(C) संगीतमय कचौड़ी (D) स्वादहीन कचौड़ी

72. 'मछली' शीर्षक कहानी में कौन कहती थी कि जो मछली मर जाती है उसकी आँखों में झाँकने से अपनी परछाई नहीं दिखती ?

(A) दीदी कहती थी (B) माँ कहती थी

(C) दीदी की सहेली कहती थी (D) मौसी कहती थी

73. हिन्दी कविता में प्रयोगवाद का सूत्रपात किसने किया ?

(A) रामधारी सिंह दिनकर ने (B) सुमित्रानंदन पंत ने

(C) कुँवर नारायण ने (D) सच्चिदानंद हीरानंद वात्सयायन 'अज्ञेय' ने

74. निम्नलिखित में कौन शीर्षक कविता पर्यावरण, मनुष्य और सभ्यता के विनाश की अंतर्व्यथा को अभिव्यक्त करती है ?

(A) अक्षर–ज्ञान (B) मेरे बिना तुम प्रभु

(C) एक वृक्ष की हत्या (D) जनतंत्र का जन्म

75. मंगम्मा किसके मन को बस में करने का तीन–चार गुर माँ जी को बताती है ?

(A) बेटे के (B) पति के

(C) बहू के (D) पड़ोसी के

76. सीता अपने दो–चार 'पूर–पल्लों' की गठरी बाँध अँधेरे में कहाँ से निकल गयी ?

(A) अस्पताल से (B) रेलवे स्टेशन से

(C) वृद्धाश्रम से (D) घर से

77. 'निराला की साहित्य साधना' पुस्तक के लेखक हैं –

(A) नलिन विलोचन शर्मा (B) यतीन्द्र मिश्र

(C) रामविलास शर्मा (D) अशोक वाजपेयी

78. निम्नलिखित में कौन उड़िया के एक प्रमुख कथाकार हैं ?

(A) श्रीनिवास (B) सातकोड़ी होता

(C) साँवर दइया (D) सुजाता

79. कवि जीवनानंद दास यदि अगले जन्म में हंस बनेंगे तो वह हंस किसका होगा ?

(A) किसी किशोरी का (B) किसी मछुआरा का

(C) किसी नाविक का (D) किसी लड़के का



StudyRaw.Com

80. महात्मा गाँधी की दृष्टि में सबसे उदात्त और बढ़िया शिक्षा क्या है जो बच्चों को मिलनेवाली साधारण अक्षर–ज्ञान की शिक्षा के बाद नहीं, पहले होनी चाहिए ?

(A) कंप्यूटर की शिक्षा
(B) व्यापार की शिक्षा
(C) हिंसक प्रतिरोध की शिक्षा
(D) अहिंसक प्रतिरोध की शिक्षा

81. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महात्मा गाँधी के जन्म दिवस को किस रूप में मनाया जाता है ?

(A) मानवतावादी दिवस के रूप में
(B) शिक्षक दिवस के रूप में
(C) शांति दिवस के रूप में
(D) अहिंसा दिवस के रूप में

82. 'आविन्यों' शीर्षक पाठ के अनुसार एक कविता–पंक्ति हैः ''कैसी तुम नदी हो?'' उत्तर हो सकता है :–

(A) जैसी तुम रत्नगर्भा हो!
(B) जैसी तुम कविता हो!
(C) जैसी तुम सलिला हो!
(D) जैसी तुम पालिका हो!

83. बिरजू महाराज अपना सबसे बड़ा जज किसको मानते थे ?

(A) अपनी अम्मा को
(B) अपनी पत्नी को
(C) अपने बाबूजी को
(D) अपने चाचाजी को

84. 'ढहते विश्वास' शीर्षक कहानी में लक्ष्मी किसका रूख देखकर सशंकित हो उठी ?

(A) गुणनिधि का
(B) तहसीलदार का
(C) आसमान का
(D) सरपंच का

85. चारों ओर खड़े डॉक्टरों ने बारी–बारी से आकर किसकी सहायता से पाप्पाति की आँखों के भीतरी भाग का परीक्षण किया ?

(A) इंफ्यूजन पंप की
(B) ऑप्थलमस्कोप की
(C) स्टेथोस्कोप की
(D) पिपपेट्स की



StudyRaw.Com

86. भक्त कवि गुरु नानक के पद किस भाषा में रचित हैं ?

(A) अवधी
(B) भोजपुरी
(C) मैथिली
(D) पंजाबी मिश्रित ब्रजभाषा

87. 'दो सौ बावन वैष्णवन की वार्ता' के अनुसार कवि रसखान को किसने 'पुष्टिमार्ग' में दीक्षा दी ?

(A) वल्लभाचार्य ने
(B) गोकुलनाथ ने
(C) विट्ठलनाथ ने
(D) सूरदास ने

88. 'जनतंत्र का जन्म' शीर्षक कविता के अनुसार मिट्टी की अबोध मूरतें कौन हैं ?

(A) जनता
(B) देवता
(C) सामंत
(D) अंग्रेज

89. 'परम्परा का मूल्यांकन' शीर्षक निबंध के अनुसार साहित्य में मनुष्य की कैसी भावनाएँ प्रतिफलित होकर उसे प्राणिमात्र से जोड़ती हैं ?

(A) जटिल भावनाएँ
(B) कठोर भावनाएँ
(C) आदिम भावनाएँ
(D) हिंसक भावनाएँ

90. गुणाकर मुले के अनुसार किस नाटक ग्रंथ से पाटलिपुत्र (पटना) को नगर कहने की जानकारी मिलती है ?

(A) मृच्छकटिकम् से
(B) वेणीसंहार से
(C) मालविकाग्निमित्रम् से
(D) पादताडितकम् से



StudyRaw.Com

91. बूढ़ा चौकीदार वृक्ष जब दूर से ही ललकारता, ''कौन?'' तब कवि क्या जवाब देता ?

(A) दोस्त (B) दुश्मन

(C) ठेकेदार (D) पुलिस

92. 'अक्षर–ज्ञान' शीर्षक कविता में बेटा 'ङ' के 'ड' को क्या समझता है ?

(A) बेटा (B) पिता

(C) माँ (D) दादा

93. कन्नड़ साहित्य के प्रतिष्ठित रचनाकार श्रीनिवास का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) सानूर, कर्नाटक में (B) कोलार, कर्नाटक में

(C) मालूर, कर्नाटक में (D) गोतुर, कर्नाटक में

94. 'माँ' शीर्षक कहानी में अस्पताल की परिचारिका किस तरह मंगु का ध्यान अपनी तरफ खींचती है ?

(A) हाथ का रूमाल फटकारकर (B) मिठाई का डब्बा दिखाकर

(C) कठपुतली को नचाकर (D) बांसुरी को बजाकर

95. बिरजू महाराज की शिष्या रश्मि वाजपेयी रंगकर्म की किस पत्रिका की संपादक है ?

(A) दर्पण (B) रंगमंच

(C) लोककला (D) नटरंग

96. कवि घनानंद किस मुगल बादशाह के यहाँ मीरमुंशी का काम करते थे ?

(A) अहमद शाह बहादुर (B) बहादुर शाह द्वितीय

(C) मोहम्मद शाह रंगीले (D) जहांदार शाह

97. मैक्समूलर के अनुसार किस भाषा के अध्ययन ने मानव जाति के सम्पूर्ण इतिहास को एक वास्तविक रूप में पहली बार प्रकट कर दिखाया है ?

(A) संस्कृत
(B) यूनानी
(C) जर्मन
(D) अंग्रेजी

98. कवि जीवनानंद दास किस भाषा के सर्वाधिक सम्मानित एवं चर्चित कवियों में से एक हैं ?

(A) उड़िया
(B) मलयालम
(C) बाँग्ला
(D) तमिल

99. 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' शीर्षक पाठ के अनुसार देवताओं के राजा का हथियार वज्र किसकी हड्डियों से बना था ?

(A) च्यवन मुनि की
(B) भारूचि मुनि की
(C) कपिल मुनि की
(D) दधीचि मुनि की

100. निम्नलिखित में कौन संस्कृत, अंग्रेजी, हिन्दी, फारसी, तमिल आदि अनेक भाषाओं का ज्ञान रखनेवाले बहुभाषाविद् थे ?

(A) सच्चिदानंद हीरानंद वात्सयायन 'अज्ञेय'
(B) रेनर मारिया रिल्के
(C) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'
(D) जीवनानंद दास

## खण्ड – ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंको का है। 5 X 2 = 10

(क) उस साहित्यिक गद्य रचना को निबंध कहा जाता है, जिसमें किसी विषय से संबंधित विचारों को विशेष उद्देश्य से एक बंध के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। निबंध विचार प्रधान विधा है। इसमें बुद्धि तत्त्व प्रधान होता है। सोलहवीं शताब्दी में फ्रांसीसी लेखक मांतेन ने इस विधा में पहली रचना की थी और बताया था कि यह मुक्त मन की गद्यात्मक अभिव्यक्ति है। निबंध के दो प्रमुख भेद हैं – वैयक्तिक निबंध और वैचारिक निबंध। वैयक्तिक निबंध को ललित निबंध भी कहा जाता है। इनमें निबंधकार प्रायः अपारंपरिक एवं अत्यंत साधारण विषयों को चुनता है और विनोदपूर्ण मुक्त मनोदशा में उसपर टिप्पणियाँ करता चला जाता है। बालकृष्ण भट्ट, प्रतापनारायण मिश्र, बालमुकुंद गुप्त, चंद्रधरशर्मा गुलेरी, शिवपूजन सहाय, हजारीप्रसाद द्विवेदी, विद्यानिवास मिश्र, कुबेरनाथ राय आदि हिन्दी के प्रमुख ललित निबंधकार हैं।

(i) किस गद्य रचना को निबंध कहा जाता है ?

(ii) निबंध विधा में पहली रचना किसने की थी और क्या बताया था ?

(iii) निबंध के दो प्रमुख भेदों के नाम लिखें।

(iv) ललित निबंध लिखते समय निबंधकार क्या करता है ?

(v) हिन्दी के कुछ प्रमुख ललित निबंधकारों के नाम लिखें।

(ख) आज के इस आधुनिक युग में चारों ओर फैशन, बाहरी तड़क–भड़क एवं झूठे दिखावे का ही बोलबाला है। आज व्यक्ति चाहे कितना भी बड़ा विद्वान क्यों न हो, परंतु उसका आदर–सम्मान उसकी योग्यता एवं विचारों के आधार पर न करके केवल कीमती वस्त्रों के आधार पर किया जाता है। आडंबरशून्य एवं कृत्रिमताहीन

जीवन जीना ही सादगी कहलाता है। आज के इस भौतिकवादी युग में व्यक्ति में मानवीय गुण लुप्त होता जा रहा है। इच्छाओं के विस्तार ने उसे अधिक स्वार्थी बना दिया है। वह केवल अपने स्वार्थों को ही सिद्ध करने में लगा है। सादगी में भी एक आकर्षण होता है। सादगी से रहने वाले व्यक्ति की इच्छाएँ भी सीमित होती है। वह थोड़े में ही निर्वाह कर लेता है। सज्जन व्यक्ति हमेशा ऊपर से नारियल की भाँति कठोर और अंदर से सजल और कोमल होते हैं। आज की परिस्थितियों में तो विचारों की उच्चता एवं सादगी ही जीवन की परंपराओं और जीवन मूल्यों की रक्षा करने में समर्थ हो सकती है।

(i) आज के इस आधुनिक युग में किसका बोलबाला है ?

(ii) आज व्यक्ति का आदर–सम्मान किस आधार पर किया जाता है ?

(iii) कैसा जीवन सादगी कहलाता है ?

(iv) आज के भौतिकवादी युग में व्यक्ति क्या सिद्ध करने में लगा है ?

(v) सज्जन व्यक्ति कैसे होते हैं ?

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है। 5 X 2 = 10

(क) काला पानी की सजा को भयावह दुःस्वप्न के रूप में देखा जाता है। वहाँ कैदियों को दी जाने वाली यातनाओं का विवरण रोंगटे खड़े कर देता है। अंग्रेजों ने भारत की मुख्य भूमि से सैंकड़ों मील दूर अंडमान द्वीप में सेलुलर जेल बनाया। अनेक स्वतन्त्रता सेनानियों को वहाँ घोर अमानवीय यातनाएँ दी गईं। 'काला पानी' शब्द का अर्थ मृत्यु के उस स्थान से है जहाँ से कोई भी वापस नहीं आता है। हमारे देश के अनेक वीर सपूतों ने इस जेल में यातनाएँ सहते हुए देश को परतन्त्रता की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए निःस्वार्थ भाव से अपने प्राणों तक की आहुति दे डाली, जिनकी अमर कहानी 'काला पानी' की दीवारें आज भी कह रही है। सेलुलर जेल में आने वालों में अंतिम व्यक्ति थे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस। वह बंदियों के

रूप में नहीं, बल्कि एक स्वाधीन नागरिक, एक मुक्त योद्धा और एक विजेता सेनापति के रूप में इस द्वीप में आए। उन्होंने काला पानी के द्वीपों में तिरंगा फहराकर सेलुलर जेल के द्वार हमेशा के लिए खोल दिए।

(i) काला पानी की सजा को किस रूप में देखा जाता है ?

(ii) किसने, कहाँ पर सेलुलर जेल बनाई ?

(iii) 'काला पानी' शब्द का अर्थ क्या है ?

(iv) किनकी अमर कहानी 'काला पानी' की दीवारें आज भी कह रही हैं ?

(v) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने काला पानी द्वीप में आकर क्या किया ?

(ख) प्रेमचन्द का उद्देश्य एक ही था – भारतीय जनता की सेवा और उनके शोषण के प्रति उन्हें जागरूक करना। प्रेमचन्द एक यथार्थवादी पत्रकार थे। वे चाहते थे कि तत्कालीन परिस्थितियों से जनता अवगत एवं सचेत रहे इसलिए उन्होंने निष्पक्ष पत्रकारिता को चुना। इस निष्पक्ष पत्रकारिता और राष्ट्र सेवा के कारण उन्हें अंग्रेजी सरकार का कोपभाजन भी बनना पड़ा। प्रेमचन्द की पत्रकारिता में भारतीय ग्रामीण संस्कृति के साथ भारतीय जनता की पीड़ा का भी यथार्थ रूप देखने को मिलता है। उनके द्वारा स्थापित पत्रकारिता के मानक आज भी पत्रकारों को प्रेरणा देते हैं। वे पत्रकारिता के माध्यम से जनता से सीधे संवाद करते थे। पाठकों की जिज्ञासा बनी रहे, इसके लिए नवीन जानकारियों के साथ–साथ राष्ट्र–हित एवं समाज–हित के मुद्दों को उन्होंने पत्रकारिता का विषय बनाया। प्रेमचन्द अपने लेखों में ही नहीं बल्कि कहानियो और उपन्यासों में भी पत्रकारिता के महत्व को बताते थे। प्रेमचन्द अपनी लेखनी के माध्यम से देश की गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। उनके लिए देश विविध भागों में खंडित जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि एक राष्ट्र है।



StudyRaw.Com

(i) प्रेमचन्द का उद्देश्य क्या था ?

(ii) प्रेमचन्द ने निष्पक्ष पत्रकारिता को क्यों चुना ?

(iii) प्रेमचन्द की पत्रकारिता में किसका यथार्थ रूप देखने को मिलता है ?

(iv) प्रेमचन्द किसके माध्यम से देश की गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने का प्रयास कर रहे थे ?

(v) प्रेमचन्द के लिए देश क्या है ?

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिय गए संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 250–300 शब्दों में निबंध लिखें :– 1 x 10 = 10

(क) मेरा प्रिय खेल क्रिकेट

(i) प्रस्तावना | (ii) क्रिकेट का प्रारंभ

(iii) खेल के सामान्य नियम | (iv) प्रिय होने का कारण

(v) निष्कर्ष

(ख) प्रदूषण की समस्या

(i) भूमिका | (ii) विकट समस्या के रूप में

(iii) कारण | (iv) निवारण

(v) उपसंहार

(ग) आदर्श विद्यार्थी

(i) प्रस्तावना | (ii) आदर्श विद्यार्थी के गुण



StudyRaw.Com

(iii) प्राचीन कालीन एवं आधुनिक विद्यार्थी (iv) निष्कर्ष

(घ) बाल–श्रम

(i) भूमिका (ii) बाल श्रमिक से अभिप्राय

(iii) बाल श्रम के कारण (iv) दुष्परिणाम

(v) समाधान

(ङ) होली

(i) भूमिका (ii) अन्तर कथा

(iii) महत्त्व (iv) उपसंहार

4. वार्षिक परीक्षा में प्रथम आने पर अपने मित्र को बधाई देते हुए पत्र लिखिए। 1 x 5 = 5

अथवा

दो छात्रों के बीच परीक्षा में आए कठिन प्रश्नों को लेकर हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दें :– 5 X 2 = 10

(i) भीमराव अंबेदकर के अनुसार जातिवाद के पोषक उसके पक्ष में क्या तर्क देते हैं ?

(ii) कवि गुरु नानक की दृष्टि में वाणी कब विष के समान हो जाती है ?

(iii) रंगप्पा कौन था और वह मंगम्मा से क्या चाहता था ?

(iv) बिरजू महाराज कौन–कौन से वाद्य बजाते थे ?

(v) कवि वीरेन डंगवाल के अनुसार लोग अभी भी क्या करना नहीं भूले हैं ?



StudyRaw.Com

(vi) बड़े डॉक्टर के आदश के बावजूद पाप्पाति अस्पताल में भर्ती क्यों नहीं हो पाती ?

(vii) रामविलास शर्मा के अनुसार परंपरा का ज्ञान किसके लिए सबसे ज्यादा आवश्यक है?

(viii) 'एक वृक्ष की हत्या' शीर्षक कविता का समापन करते हुए कवि किन अंदेशों का जिक्र करता है ?

(ix) मंगु को अस्पताल में भर्ती कर घर लौट आने के बाद माँ की सिसकियों को सुनकर वेदना में डूबे पुत्र ने क्या प्रतिज्ञा की ?

(x) संधि और समास का अन्तर स्पष्ट करें।

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए :– 1 x 5 = 5

(शब्द सीमा लगभग 100)

(i) सप्रसंग व्याख्या करें :–

"ऐसे ही लड़के आगे चलकर गुंडे, चोर और डाकू बनते हैं।"

(ii) सप्रसंग व्याख्या करें :–

"स्वर्ण शस्य पर–पद–तल लुंठित,
धरती–सा सहिष्णु मन कुंठित,"



StudyRaw.Com